आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 07/03/2026 समय : 02.10 PM

मुख्यमंत्री कृषि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ देर बाद विदिशा जिले के शमशाबाद में आयोजित कृषक हितग्राही सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। मुख्यमंत्री यहां 163 करोड़ 62 लाख रुपये के 97 विकास कार्यों की सौगात देंगे। साथ ही प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगर प्रिंट लैब का शुभारंभ और विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करेंगे। शमशाबाद रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी पर ₹40 प्रति क्विंटल बोनस प्रदान करेगी। इस दौरान उन्होंने किसानों उड़द फसल लगाने की भी अपील की।

प्रधानमंत्री - जन औषधि दिवस

आज जन औषधि दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में **प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना** से लाभान्वित लोगों को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि इस परियोजना से अनगिनत परिवारों के इलाज़ के ख़र्च में बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार किफायती कीमतों पर गुणवत्तापरक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि "प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना" देश के करोड़ों परिवारों के लिए स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ एवं किफायती बना रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि आज देशभर में लगभग 18,000 जन औषधि केंद्र उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयाँ 50-80% कम कीमत पर उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे लाखों परिवारों को उपचार का बड़ा आर्थिक संबल मिला है।

क्वींस ऑन द व्हील

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल से 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण के अंतर्गत महिला सुपर बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान में पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न राज्यों से आईं महिला बाइकर्स सहभागी हैं। मध्यप्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों से गुजरते हुए यह यात्रा लगभग 1400 किमी की दूरी तय कर 13 मार्च को खजुराहो पहुंचेगी।

एलपीजी - कीमत वृद्धि

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत आज से 60 रुपये बढ़ गई है। यह दर महानगरों में लागू होगी। इस बढोत्तरी के बाद, अब दिल्ली में सिलेंडर की कीमत 913 रुपये, मुंबई में 912 रुपये 50 पैसे, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928 रुपये 50 पैसे हो गए हैं। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में भी 115 रुपये की वृद्धि की गई है।

रंग पंचमी पर्व

प्रदेश में कल रंगपंचमी पर रंग खेला जाएगा। इंदौर में रंगपंचमी की पारंपरिक गेर निकलेगी। पिछले 3 सालों से यहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या 5 लाख से अधिक रही है। जिससे यह यह आयोजन देश के सबसे बड़े रंगोत्सवों में शामिल हो चुका है। उधर, आगरमालवा जिले में रंगपंचमी के त्यौहार पर लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए कलेक्टर प्रीति यादव ने आज रात साढ़े ग्यारह बजे से कल शाम 4 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है। सीहोर जिले में भी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

मौसम-गर्मी

अब खबर मौसम की, प्रदेश में मार्च के पहले हफ्ते में ही तेज गर्मी पड़ने लगी है। सागर, ग्वालियर-चंबल के बाद इंदौर और उज्जैन संभाग में भी गर्मी बढ़ गई है। इंदौर में पारा 36.2 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में 35 डिग्री के पार है। शुक्रवार को नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री दर्ज किया गया। धार, दमोह, सागर, शाजापुर, गुना, छतरपुर, रतलाम और टीकमगढ़ में तापमान 36 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। वहीं, रात में तापमान 18 डिग्री से ज्यादा है।

संक्षिप्त समाचार

1- समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को आगरमालवा में हुई बैठक में कलेक्टर प्रीति यादव ने निर्देश दिये कि कृषकों को किसी तरह की परेशानी न आएं, सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाए।

2- शिवपुरी जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया वूमेन वीक का आयोजन 6 मार्च से 8 मार्च तक किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत थीम अनुसार गतिविधियों का आयोजन विभिन्न स्तर पर किया जा रहा है।

3- नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए इटारसी अनुविभाग में सभी 13 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और पटवारियों को नरवाई प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

4- UPSC की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा-2025 में पन्ना जिले के अभिजीत जैन ने 170वीं रैंक हासिल की है।

******